भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †2440

सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**जलपाईगुड़ी में धार्मिक और चाय पर्यटन को बढ़ावा देना**

**†2440. डॉ. जयंत कुमार रायः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के लिए स्वदेश दर्शन 2.0 अथवा तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के अंतर्गत विशेषकर धार्मिक और चाय पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु कोई परियोजना संस्वीकृत की है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त जिले में लाटागुड़ी, गोरूमारा और अन्य पर्यटन स्थलों में अवसंरचना और पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख) : पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना और 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' के माध्यम से राज्य सरकारों/ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है; बशर्ते कि धन की उपलब्धता हो, योजना के दिशानिर्देशों का पालन हो और राज्य सरकार/ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत की जाए।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने अपनी 'पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' नामक पहल के अंतर्गत पर्यटन परियोजनाओं के विकास हेतु राज्यों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की है।

पश्चिम बंगाल राज्य में उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण और आवंटित धनराशि अनुबंध में संलग्न है। जलपाईगुड़ी जिले में वर्तमान में कोई परियोजना मंत्रालय के समक्ष स्वीकृति हेतु सूचीबद्ध नहीं है।

पर्यटन मंत्रालय अपनी सतत प्रचार गतिविधियों के तहत सोशल मीडिया, प्रचार संबंधी वेबसाइटों, कार्यक्रमों आदि के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में पश्चिम बंगाल सहित देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों को नियमित रूप से बढ़ावा देता है।

*****

**अनुबंध**

डॉ. जयंत कुमार राय द्वारा जलपाईगुड़ी में धार्मिक और चाय पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 04.08.2025 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2440 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में विवरण

**पश्चिम बंगाल राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना का विवरण:-**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परिपथ/स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|---|
| 1. | तटीय परिपथ **2015-16** | तटीय परिपथ: उदयपुर- दीघा- शंकरपुर- ताजपुर- मंदारमणि- फ्रेजरगंज-बक्खलाई- हेनरी द्वीप का विकास | 67.99 |

**पश्चिम बंगाल राज्य में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|
| 1. | बेलूर मठ का विकास | 2016-17 | 30.03 |

*******